पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, न-1, वायु सेना, गोरखपुर
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA No.1, AFS GORAKHPUR
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थान
An Autonomous body Under Ministry of Education, Govt. of India
पोस्ट-कुसुम्ही एयर पोर्ट, गोरखपुर (उ.प्र.)-273002
Post Kusumi Air Port, Gorakhpur, (U.P.) PIN: 273002
E-mail: kvafsgorakhpur@gmail.com
Contact No-0551-2980333, 2980444

School No.74074 KV CODE:1824 AFFILIATION NO.2100010

शिक्षकों/प्रशिक्षकों की (पूर्णतः अस्थायी/संविदा आधारित) नियुक्ति हेतु साक्षात्कार

अंशकालिक (संविदा) शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विद्यालय परिसर में निम्नलिखित विवरण के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु शिक्षकों का एक पैनल तैयार करने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा ताकि उनकी सेवाएं जब एवं जैसे ही आवश्यक हो, ली जा सकें।

दिनांक	समय	विवरण
26-02-2026	9.00 AM to 5.00 PM	पी.जी.टी. (राजनीति विज्ञान, अँग्रेजी, हिन्दी, गणित, भैतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, वाणिज्य, भूगोल) संगणक अनुदेशक, कला प्रशिक्षक, प्राथमिक शिक्षक (संगीत)/ संगीत अनुदेशक, योग प्रशिक्षक, खेलकूद प्रशिक्षक, नर्स, स्पेशल एजुकेटर, परामर्शदाता, प्रयोगशाला परिचर (औपबंधित) टी.जी.टी. (अँग्रेजी, हिन्दी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत)
27-02-2026	1.00 PM to 5.00 PM	प्राथमिक एवं बालवाटिका शिक्षक

पूर्णतः अस्थायी अंशकालिक संविदा के आधार पर विभिन्न पदों हेतु पैनल तैयार करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। संविदा के आधार पर नियुक्ति विद्यालय में रिक्ति होने या किसी शिक्षक के अवकाश पर जाने की स्थिति में ही नियमानुसार की जाएगी। नियुक्ति मिलने के बावजूद संगठन में किसी भी तरह से स्थायीकरण की पात्रता किसी को नहीं होती है। शैक्षणिक योग्यता पूरी करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट https://no1gorakhpur.kvs.ac.in/ से डाउनलोड कर भरें तथा दिनांक 24.02.2026 की शाम 5.00 बजे तक अवश्य ईमेल pmshrikvafsrecruitment@gmail.com पर भेज दें। 5.00 के बाद मिले किसी भी मेल पर विचार नहीं किया जाएगा। ईमेल से आवेदन नहीं भेजने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार में किसी भी स्थिति में शामिल नहीं किए जाएगे। पूरी तरह भरे हुए मूल आवेदन पत्र एवं स्वप्रमाणित संलग्नकों की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज़ फोटो के साथ 26.02.2026 को 9.00 बजे सुबह विद्यालय में उपस्थित होंगे। जिनका साक्षात्कार 27.02.2026 को है, वे अभ्यर्थी उक्त दिनांक को 01 बजे उपस्थित होंगे । नियत समय से 1 घंटे से अधिक विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु शामिल नहीं किया जाएगा। किसी पद हेतु अभ्यर्थियों की संख्या सामान्य से अधिक होने पर उसी दिन लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा सकता है जिसमें सर्वाधिक अंक पाने वाले 15 अभ्यर्थियों का ही साक्षात्कार लिया जाएगा। इस संबंध में निर्विवाद रूप से प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा। साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। अहर्ता एवं अन्य जानकारी हेतु https://kvsangathan.nic.in/ देखें। इस सूचना में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://no1gorakhpur.kvs.ac.in/ पर जाएं।

प्राचार्य